हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 30 नवम्बर 2012, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

फार्मेसी में भी है शानदार कॅरियर

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में चल रहे इंस्पायर इंटर्नशिप 2012 में भाग ले रहे छात्रों को बताया गया कि अब फार्मेसी में भी शानदार कैरियर है, क्योंकि दवा कंपनियों में आज भी तमाम फार्मेसिस्टों की जरूरत है।

गुरुवार को रसायन विज्ञान विषय पर चर्चा करते हुए अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पीएचडी करने वाली डा. रितु सिंह ने कहा कि रसायन विज्ञान में पढ़ाई करने के बाद भी छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार मिल सकता है। जामियां हमदर्द विश्वविद्यालय के डा. एमए मुस्तकीम अब्दुल्ला ने कहा कि विभिन्न शाखाओं के छात्र अपनी रुचि के अनुसार फार्मेसी में भी अपना हुनर दिखा सकते हैं। फार्मेसी की पढ़ाई करने के बाद दवा के उपकरणों की रचना के लिए योग्य छात्रों की आवश्यकता है। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार से पीएचडी डा. अंजू खंडेलवाल ने कहा कि वैदिक गणित का सहारा लेकर चालीस से पचास फीसदी समय की बचत की जा सकती है। वैदिक गणित का आधार 16 सूत्रों से लिया गया है।

बाद में छात्रों ने भौतिकी, रसायन, कंप्यूटर एवं जीव विज्ञान की प्रयोगशालाओं में सामूहिक प्रयोग भी किए। कार्यक्रम में डा. प्रभाकर गुप्ता, रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, सुभाष मेहरा, डा. केके तिवारी खास तौर से मौजूद रहे। संचालन साक्षी पांडे ने किया।